स्मार्ट ग्राम पंचायत

प्रलिम्सि के लयि:

PM-वाणी, राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभयिान, पंचायती राज संस्थान (PRI), सतत् वकिास लक्ष्य, भारतनेट

मेन्स के लयि:

भारत के डजिटिल पब्लकि इंफ्रास्ट्रक्चर (DPI) में PM-WANI की भूमकि, डजिटिल पब्लकि इंफ्रास्ट्रक्चर (DPI), ग्रामीण डजिटिल साक्षरता में सुधार, सरकारी नीतयाँ और हस्तक्षेप

स्रोत: पी.आई.बी.

चर्चा में क्यों?

हाल ही में केंद्रीय ग्रामीण वकिास और पंचायती राज मंत्री ने बहिार के बेगुसराय ज़लि के पपरौर ग्राम पंचायत में **स्मार्ट ग्राम पंचायत: ग्राम पंचायत के डजिटिलीकरण की दशि में क्रांत'** परयोजना का उद्घाटन कयि। यह पहल **ग्रामीण भारत में** डजिटिल सशक्तीकरण की दशि में एक महत्त्वपूर्ण प्रगत है।

स्मार्ट ग्राम पंचायत परयोजना क्या है?

- इस परयोजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की कनेक्टविटी में एक आदर्श परविर्तन के साथ बेगुसराय की सभी ग्राम पंचायतों तक PM-वाणी (प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफेस) सेवा पहुँचाना है।
  - बेगूसराय अब **PM-वाणी योजना** के तहत सभी ग्राम पंचायतों को वाई-फाई सेवाओं से लैस करने वाला बहिार का पहला ज़लि बन गया है।
- इसे संशोधति राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभयिान (RGSA) के तहत वति्त पोषति कयि गया है। इस परयोजना का लक्ष्य बहिार में बेगुसराय और रोहतास ज़लिों की 37 ब्लॉकों में 455 ग्राम पंचायतों को वाई-फाई सेवा पहुँचाना है। इसका कार्यान्वन पंचायती राज मंत्रालय द्वारा कयि गया।
- स्वास्थ्य, शक्षि और कौशल जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में ऑनलाइन सेवाओं तक पहुँच बढ़ाने, ग्रामीण क्षेत्रों में जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने के लयि प्रौद्योगकी के उपयोग पर ज़ोर दयि गया है।
  - छात्र, कसिान, कारीगर और महलि स्वयं सहायता समूहों (SHG) को इस पहल से लाभ प्राप्त होगा।
- समय के साथ परयोजना के प्रभाव को बनाए रखने के उद्देश्य के साथ संचालन और रखरखाव (O&M) के लयि सुदृढ़ तंत्र स्थापति कयि जाएगा।
- परयोजना का उद्देश्य **ग्रामीण-शहरी वभाजन को पाटना**, स्थानीय स्वशासन में उत्तरदायत्वि और दक्षता को बढ़ावा देना तथा डजिटिल फुटप्रटि के माध्यम से समुदायों को सशक्त बनाना है।

राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभयिान (RGSA):

- RGSA **पंचायती राज मंत्रालय** की एक योजना है, जसि वर्ष 2018 में लॉन्च कयि गया था। इसे बेहतर बनाते हुए RGSA की केंद्र प्रायोजति योजना को पंचायती राज संस्थाओं (PRI) के **नरि्वाचति प्रतनिधियों** (ER) की क्षमता नरि्माण के लयि **वर्ष 2022-23 से वर्ष 2025-26** की अवधकि साथ कार्यान्वयन के लयि मंज़ूरी दी गई।
- संशोधति RGSA का प्राथमकि उद्देश्य सतत् वकिास लक्ष्यों (SDG) को पूरा करने के लयि पंचायतों की शासन क्षमताओं को वकिसति करना है। योजना के तहत पंचायतों के नरि्वाचति प्रतनिधियों को चुनाव के बाद छह महीने के भीतर बुनयिादी अभवनि्यास प्रशक्षिण तथा दो वर्ष के भीतर पुनश्चर्या प्रशक्षिण सुनश्चिति कयि गया है। राज्य घटकों के लयि **केंद्र और राज्यों की हस्सिदारी क्रमशः 60:40** के अनुपात में होगी, पूर्वोत्तर तथा पहाड़ी राज्यों तथा जम्मू-कश्मीर के अतरिक्ति जहाँ केंद्र एवं राज्य का अनुपात **90:10** होगा। **सभी केंद्रशासति प्रदेशों के लयि केंद्रीय हस्सि 100%** होगा।
- **RGSA का मूल उद्देश्य:**
  - ई-गवर्नेंस और SHG के स्थानीयकरण पर वभिनि्न स्तरों पर **पंचायत-SHG अभसिरण** तथा प्रशक्षिण को सुदृढ़ करना।
  - इंटरैक्टवि क्षमता नरि्माण और मानकीकृत प्रशक्षिण के लयि उभरती प्रौद्योगकियों का उपयोग करना। डजिटिल साक्षरता और नेतृत्व

भूमिकाओं के संबंध में PRI को सक्षम बनाना।

पीएम-वाणी क्या है?

- **परिचय:**
  - दिसंबर 2020 में **दूरसंचार विभाग (Department of Telecom - DoT)** द्वारा लॉन्च की गई पीएम-वाणी (PM-WANI), देश भर में, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में एक मज़बूत डिजिटल संचार अवसंरचना स्थापित करने के लिये सार्वजनिक वाई-फाई हॉटस्पॉट तक पहुँच में वृद्धि के उद्देश्य से शुरू की गई एक प्रमुख योजना है, जो कोई भी इकाई**राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति, 2018 (ational Digital Communications Policy - NDCP)** के अनुरूप हॉटस्पॉट स्थापित कर सकती है।
- **पीएम-वाणी (PM-WANI) इकोसिस्टम:**
  - **सार्वजनिक डेटा कार्यालय (PDO):**
    - PDO वह इकाई है जो वाई-फाई हॉटस्पॉट की स्थापना, रखरखाव और संचालन करती है तथा दूरसंचार सेवा प्रदाताओं या इंटरनेट सेवा प्रदाताओं से इंटरनेट बैंडविड्थ प्राप्त कर उपयोगकर्त्ताओं को **अंतिम-मील कनेक्टिविटी** (अंतिम उपयोगकर्त्ता तक पहुँच) प्रदान करती है।
  - **पब्लिक डेटा ऑफिसिर एग्रीगेटर (PDOA):**
    - PDOA वह इकाई है जो PDO को प्राधिकरण और लेखांकन जैसी **एग्रीगेशन सर्विसेज़** प्रदान करती है तथा उन्हें अंतिम उपयोगकर्त्ताओं को सेवाएँ प्रदान करने में सुविधा प्रदान करती है।
  - **एप प्रदाता(App Provider):**
    - यह वह इकाई है **जो उपयोगकर्त्ताओं को पंजीकृत करने और इंटरनेट सेवा तक पहुँच के लिये PM-WANI के अनुरूप वाई-फाई हॉटस्पॉट खोजने तथा प्रदर्शित करने हेतु एक एप्लीकेशन विकसित करती है** एवं संभावित उपयोगकर्त्ताओं को प्रामाणित भी करती है।
  - **केंद्रीय रजिस्ट्री:**
    - यह वह इकाई है जो एप प्रदाताओं, PDOA और PDO का विवरण रखती है। वर्तमान में इसका रखरखाव**सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स (C-DoT)** द्वारा किया जाता है।
- **PM-WANI के लाभ:**
  - PM-WANI **ग्रामीण क्षेत्रों में ब्रॉडबैंड उपलब्धता और सामर्थ्य को बढ़ावा** देगा, उद्यमशीलता तथा डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देगा। यह **भारतनेट परियोजना** का पूरक है।
  - यह **5G** जैसी मोबाइल प्रौद्योगिकियों की तुलना में इंटरनेट एक्सेस हेतु एक किफायती और सुविधाजनक विकल्प प्रदान कर सकता है, जिसके लिये उच्च निवेश तथा सदस्यता लागत की आवश्यकता होती है। यह इंटरनेट बाज़ार में नवाचार और प्रतिस्पर्द्धा को प्रोत्साहित कर सकता है।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

??????????:

प्रश्न. निम्नलिखित में से कौन-सा/से भारत सरकार के 'डिजिटल इंडिया' योजना का/के उद्देश्य है/हैं? (2018)

1. भारत की अपनी इंटरनेट कंपनियों का गठन, जैसा कि चीन ने किया।
2. एक नीतिगत ढाँचे की स्थापना जिससे बड़े आँकड़े एकत्रित करने वाली समुद्रपारीय बहु-राष्ट्रीय कंपनियों को प्रोत्साहित किया जा सके कि वे हमारी राष्ट्रीय भौगोलिक सीमाओं के अंदर अपने बड़े डेटा केंद्रों की स्थापना करें।
3. हमारे अनेक गाँवों को इंटरनेट से जोड़ना तथा हमारे बहुत से विद्यालयों, सार्वजनिक स्थलों एवं प्रमुख पर्यटक केंद्रों में वाई-फाई की सुविधा प्रदान करना।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 2 और 3
(d) 1, 2 और 3

उत्तर: (b)

प्रश्न 2. पंचायती राज व्यवस्था का मूल उद्देश्य क्या सुनिश्चित करना है? (2015)

1. विकास में जन-भागीदारी
2. राजनीतिक जवाबदेही
3. लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण
4. वित्तीय संग्रहण (फाइनेंशियल मोबलाइज़ेशन)

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 2 और 4
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2, 3 और 4

उत्तर: (c)

?????:

प्रश्न. "चौथी औद्योगिक क्रांति (डिजिटल क्रांति) के प्रादुर्भाव ने ई-गवर्नेंस को सरकार का अविभाज्य अंग बनाने की पहल की है"। विवेचन कीजिये। (2020)

प्रश्न. भारत में स्थानीय शासन के एक भाग के रूप में पंचायत प्रणाली के महत्त्व का आकलन कीजिये। विकास परियोजनाओं के वित्तीयन के लिये पंचायतें सरकारी अनुदानों के अलावा और किन स्रोतों को खोज सकती हैं? (2018)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/smart-gram-panchayat